10-10-11 Hin II Lib

KLXAGI

समय : २ घंटे पूर्णांक : ६०

प्र. १ **निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए :-** (१४)

क) ''हुआ न यह भी भाग्य अभागा।
किस पर विफल गर्व अब जागा ?
जिसने अपनाया था, त्यागा ।
रहे स्मरण ही आते
सखि, वे मुझसे कहकर जाते ।''

अथवा

''एक ओर कायरता कांपे, गतानुगति विगगिलत हो जाए,
अंधे मूढ विचारों की वह अचल शिला विचलित हो जाए,
और दूसरी ओर कंपा देनेवाला गर्जन उठ धाए,
अंतरिक्ष में एक उसी नाशक तर्जन की ध्वानि मंडराए,
कवि, कुछ ऐसी तान सुनाओ - जिससे उथल-पुथल मच जाए ।''

ख) ''जेबकतरा चोरी से जेब पर हमला बोलता है, पोस्टर तो ऐलानिया जेब पर टूट पडते हैं । जेबकतरों से सावधान रहा जा सकता है, इन जेबखतरों से नहीं ।'"

अथवा

''देश में विचार मर रहे हैं, मुस्कानें मर रही है । मैं कहता हूँ कि इस पर विचार करो । जब तक विचार जीवित रहेंगे, देश जीवित रहेगा ''

प्र. २ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** (२०)

च) 'संध्या सुंदरी' कविता के सौंदर्य बोध का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए ।

अथवा

'हिमालय' कविता में व्यक्त राष्ट्रीय भावना को स्पष्ट कीजिए ।

ख) 'भोलाराम का जीव' रचना के आधार पर वर्तमान प्रशासन व्यवस्था पर टिप्पणी कीजिए ।

अथवा

'समस्या सुलझाने में बुध्दिजीवी का योगदान' निबंध के व्यंग को अपने शब्दों में लिखिए ।

प्र. ३. **निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :-** (१०)

ट) 'फूल और काँटा' कविता का भावार्थ ।

अथवा

'पुष्प की अभिलाषा' कविता की मूल संवदेना ।

ढ) 'खरगोश के सींग' रचना का सारांश ।

अथवा

'अंगद का पाँव' रचना का व्यंग्य ।

प्र. ४ अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र का प्राररूप निर्मित कीजिए (०८)

१) अपने छोटे भाई के जन्मदिवस के अवसर पर अपने मित्र को निमंत्रित करते हुए पत्र का प्रारूप निर्मित कीजिए।

२) किसी कार्यालय में लिपिक का स्थान रिक्त है। अत: उस पद हेतु पत्र का प्रारूप निर्मित कीजिए।

ब) कोष्टक की सूचना अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (०८)

१) बीमारी फैलती जाती है। (सामान्य भविष्यकाल में बदलिए।)

२) उसे अस्पताल पहुँचाना तुम्हारी फर्ज है (वर्तनी को शुध्द)

३) बहुत सुंदर दृश्य है। (विस्मयादिबोधक वाक्य में बदलिए।)

४) बिगड़ रही है आर्थिक स्थिती देश की। (वाक्य को शुध्द रुप में लिखिए।)

(सूचना : प्रश्न क्रमांक (४) के (अ) के लिए काल्पनिक नाम एवंपते का प्रयोग कीजिए।

❖❖❖